R.N.I.No. UPHIN/2016/66574

हिन्दी साप्ताहिक

# मिशन संदेश

Website: https:://www.missionsandesh.com E-mail-missionsandesh.skn@gmail.com

मो.सईद पठान (प्रधान संपादक)
डॉ. अब्दुल गनी (प्रभारी)
राजधानी दिल्ली ब्यूरो कार्यालय
58, गली नम्बर 04 न्यू लाहौर शास्त्री नगर- नई दिल्ली 110031
संपर्क - +917860848485

वर्ष : 09 अंक: 06 रविवार 10 मार्च से 16 मार्च 2024 पृष्ठ –08 मूल्य : 3 रुपये

# उप्र के प्रथम सीएम पंत के रूप में प्रदेश के विकास की आधारशिला रखी : योगी

## मुख्यमंत्री ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उ0प्र0 के प्रथम मुख्यमंत्री तथा भारत के पूर्व गृह मंत्री भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत की पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी



संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री तथा भारत के पूर्व गृह मंत्री भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत की पुण्य तिथि पर आज यहां लोक भवन स्थित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री तथा देश के पूर्व गृहमंत्री श्रद्धेय गोविन्द बल्लभ पंत जी की आज पावन पुण्यतिथि है। पंत जी ने गांधी जी द्वारा देश की आजादी के लिए समय–समय पर चलाए गए आन्दोलनों में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया। स्वतंत्र भारत में और देश के प्रथम चुनाव के उपरान्त उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में पं0 गोविन्द बल्लभ पंत ने प्रदेश के विकास की आधारशिला रखी। इसके पूर्व भी उन्होंने वर्ष 1937 में संयुक्त प्रांत के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदेशवासियों को प्रदान करते हुए आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका को बनाए रखा। पं0 गोविंद बल्लभ पंत जी को देश के गृहमंत्री पद का दायित्व दिया गया था। उन्होंने वर्ष 1955 से 1961 तक देश के गृहमंत्री के रूप में अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने राजभाषा हिंदी को सम्मान दिलाने का कार्य किया। देश के प्रति पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी की सेवाओं के लिए वर्ष 1957 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। पं0 गोविन्द बल्लभ पंत ने भारत की संविधान सभा के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। 07 मार्च, 1961 को उनका भौतिक देहावसान हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व श्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह व सूचना संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर सहित शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## दिल्लीवालों को मिलती रहेगी फ्री बिजली, केजरीवाल कैबिनेट ने दी



एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में वीरवार को आपात कैबिनेट मीटिंग हुई। इस बैठक में बिजली सब्सिडी पर बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के बारे में मंत्री आतिशी ने बताया कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने बिजली सब्सिडी योजना 2024–2025 को मंजूरी दे दी है यानि दिल्ली के लोगों को अभी बिजली पर सब्सिडी मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार जो वादा कर दिया, उसे वह किसी भी तरह पूरा करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमने जनता के हित को ध्यान में रखते हुए 200 यूनिट तक के बिजली बिल जीरो और 400 यूनिट तक के आधे बिल वाली योजना को 2024–25 के वित्त वर्ष में भी बढ़ाने का फैसला लिया है। बताते चलें कि पिछले साल सब्सिडी देने को लेकर रुत्र के साथ केजरीवाल सरकार की तकरार लंबी चली थी बीते साल एक समय ऐसा भी आ गया था जब केजरीवाल सरकार ने कहा था कि अगर आज सब्सिडी योजना को मंजूरी नहीं मिली तो दिल्ली में जीरो बिजली बिल खत्म हो जाएंगे । दिल्ली में बिजली पर सब्सिडी का खर्च लगभग 3500 करोड़ रुपया सलाना आता है।

## राशन कार्ड का इस्तेमाल एड्रेस प्रुफ के रूप में नहीं हो सकता

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि राशन कार्ड को अपने घर के एड्रेस डॉक्यूमेंट के रूप में इस्तेमाल ना करें। यह पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के तहत राशन प्राप्त करने वाला दस्तावेज है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने राशन कार्डों पर पते के विवरण के लिए सत्यापन तंत्र की कमी पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि उचित कीमत पर सभी नागरिकों को राशन उपलब्ध कराने की दिशा में यह स्थिति आड़े आ सकती है। कोर्ट ने यह फैसला कठपुतली कॉलनी के लोगों की याचिकाओं पर सुनाया है। इन लोगों ने अपनी याचिका में वहां से हटाए जाने के एवज में कोर्ट से अलग आवास दिलाए जाने की मांग की थी। इससे पहले दिल्ली विकास प्राधिकरण ने राशन कार्ड को एड्रेस प्रुफ के रूप में इस्तेमाल किए जाने की बात कही थी, लेकिन बाद में कोर्ट ने केंद्र सरकार के नियमों के अनरूप इसे अनुचित बताया। बता दें कि इससे पहले केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य मंत्रालय ने 2015 के गैजेट का हवाला देते हुए राशन कार्ड को घर के एड्रस के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर आपत्ति जताई थी। इसके विरोध में डीडीए द्वारा इस मामले में कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की भी जस्टिस सिंह ने आलोचना की। कोर्ट ने डीडीए के इस कदम को मनमाना बताया था। कोर्ट ने कहा कि राशन कार्ड का इस्तेमाल राशन वितरण के लिए किया जाता है, ना कि एड्रेस प्रुफ के लिए। कोर्ट का यह फैसला कठपुतली कॉलोनी में रहने वाले झुग्गीवासियों के पुनर्वास नीति को प्रभावित करेगा, खास तौर पर उन लोगों को जिनकी योग्यता पर बीते दिनों राशन कार्ड के अभाव में सवाल उठ चुके हैं।

न्यायमूर्ति सिंह ने डीडीए को वैकल्पिक आवास के निवासियों के दावों की पुष्टि के लिए दिल्ली स्लम और जेजे पुनर्वास और स्थानांतरण नीति, 2015 में सूचीबद्ध वैकल्पिक दस्तावेजों जैसे पासपोर्ट, बिजली बिल और ड्राइविंग लाइसेंस को स्वीकार करने का निर्देश दिया।

डीडीए से कहा गया है कि वो याचिकाकर्ताओं को रहने के लिए दूसरा स्थान उपलब्ध कराए।

# धारा 370 हटने के बाद पहली बार श्रीनगर पहुंचे पीएम मोदी, बोले–यह नया कश्मीर है

एजेंसी

श्रीनगर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरुवार को एक दिवसीय कश्मीर दौरे पर श्रीनगर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू–कश्मीरत्र कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। क्रूरू मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा– धरती के स्वर्ग पर आने का अहसास शब्दों से परे है।

यह वो नया जम्मू–कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। यह वो जम्मू–कश्मीर है जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने कहा,



जम्मू कश्मीर में पहले की सरकारों के समय में भ्रष्टाचार और परिवारवाद का बोलबाला रहा। प्रदेश परिवारवाद का सबसे प्रमुख निशाना रहा। परिवारवादी लोग मोदी पर व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। देश के हर कोने में लोग कह रहे हैं– मैं हूं मोदी का परिवार। कश्मीर के लोग भी कह रहे– मैं हूं मोदी का परिवार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,

'ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। इससे पहले केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया।

# सम्पादकीय

## साख पर सीधा प्रहार

आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा।

जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोड़कर जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है।

अतीत में कम–से–कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे। जबकि आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

# भव्य 'रामराज्य में भव्य अंबानी शादी!

श्रुति व्यास

पिछले हफ्ते भारत का मीडिया जामनगर में था। वहां से सभी को एक भव्य और राजसी लेकिन निहायत देसी 'प्री–वेडिंग' समारोह दिखलाई दिए। यह समारोह शानदार था तो आंखों को हैरान करने वाला भी।इसलिए क्योंकि भारत बनते इंडिया की भारतीयता की नई झलक दिखी।

सोशल मीडिया पर हालिया दौर के इस सबसे बड़े प्री–वेडिंग समारोह के फोटो और वीडियो का सैलाब है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेट की होने वाली शादी के इस जश्न में सार्वजनिक रूप से क्या हो रहा है, वह तो दिलचस्पी का विषय था ही, अन्दर की खबरें भी ख़ासा आकर्षक थीं। सब इसमें डूबे रहे। और यदि सोशल मीडिया के आधार पर देश के मूड का अंदाजा लगाया जाए तो जनता को इसके बारे में छोटी से छोटी बात जानने में भी मजा आया। और ऐसा क्यों न हो? राधिका मर्चेट के रूप में देश को एक नई स्टायिलिश, आकर्षक और साथ में संस्कारी बहू मिल गई है।

वहीं अनंत जमीन से जुड़ा हुआ आदर्श बेटा है। जिंदगी के सिर्फ फूलों की सेज न होने बल्कि कांटों भरी (उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण) बताने वाला उनका वीडियो, माता–पिता के प्रति स्नेह का उनका इज़हार एवं उनका शुक्रगुजार होने वाली बातों ने लोगों के दिलों को छूआ।कह सकते है यह आधुनिकता और परंपराओं का बेहतरीन मिक्स था। इससे बेहतर कुछ हो सकता है क्या?

यदि हम अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के कवरेज की बात करें तो मुझे अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरने वाला जो पिछला विवाह याद आता है वह 2004 में हुआ था।वह विवाह था उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल की बेटी वनीशा मित्तल का। इसे तब तक की सबसे खर्चीली शादी बताया गया था जिसमें 240 करोड़ रूपये खर्च हुए थे। शादी पेरिस के वर्साय में 17वीं शताब्दी में निर्मित एक ऐतिहासिक महल में हुई थी जिसे लुई 14वें के वित्तमंत्री के लिए बनवाया गया था।उस शादी के हर कार्यक्रम में चप्पे–चप्पे पर राजसी ठाठ नजर आता था। काइली मिनोग का म्यूजिक शो हुआ और बालीवुड तथा कारोबार की दुनिया की सभी बड़ी हस्तियां शादी में शामिल हुईं।

लेकिन अंबानी के छोटे बेटे की प्री–वेडिंग इससे बढ़–चढ़कर थी। निश्चित ही इसमें वनीशा की शादी में खर्च हुए 240 करोड़ रूपये से बहुत अधिक रकम खर्च हुई होगी। यह उस शादी की तुलना में बहुत बड़ी इसलिए थी क्योंकि यह सिर्फ एक उत्सव नहीं थी बल्कि यह एक मेला था। और जो बात इसे अलग बनाती है वह है इसका माहौल जो हमें एक नए दौर के आने का संदेश देता है।

सारी तड़क–भड़क और शान–शौकत के बीच सारे कार्यक्रम संस्कृति और संस्कार में रचे–बसे थे, धर्म और सभ्यता दर्शा रहे थे। यह भारतीयता के ठप्पे वाली धूमधाम और तमाशा था और 2024 के भारत की भारतीयता से सारी दुनिया को परिचित कराने वाला आयोजन था।

इसकी शुरूआत 2022 में हुई जब अनंत और राधिका की सगाई राजस्थान के नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर में हुई। सगाई के पहले अंबानी परिवार ने राधिका की अरंगेत्रम रस्म के कार्यक्रम की मेजबानी की। एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नृत्यांगना बतौर यह राधिका की नृत्य की शिक्षा पूर्ण होने का कार्यक्रम था।इस मौके पर कलाकार पहली बार मंच पर प्रस्तुति देता है।

# भाजपा की पहली सूची का क्या संदेश?

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। पहले इक्का दुक्का पार्टियां ऐसा करती थीं लेकिन अब यह




परंपरा बन गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 30 से ज्यादा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली में अपने कोटे की चार सीटों के साथ साथ हरियाणा और गुजरात की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।

इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने एक साथ 195 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। एक अनुमान के मुताबिक भाजपा देश की 543 में से साढ़े चार सौ से कुछ ज्यादा लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बाकी सीटें उसकी सहयोगी पार्टियों के खाते में जाएंगी। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भाजपा ने एक झटके में अपनी करीब 40 फीसदी सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए।

भाजपा की पहली सूची कई मायनों में बहुत दिलचस्प है। जैसे भाजपा के सूत्रों के हवाले से ही दो महीने से खबर आ रही थी कि पार्टी पहले उन सीटों पर उम्मीदवार घोषित करेगी, जहां वह पिछली बार हारी थी या दो–तीन बार से नहीं जीत रही है या पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी। इसे मध्य प्रदेश मॉडल कहा गया था। भाजपा ने पिछले साल के अंत में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव में सबसे पहले कमजोर और हारी हुई सीटों पर अपने दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बना कर उतार दिया था।

कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़े थे। उसी तर्ज पर लोकसभा चुनाव की पहली सूची आने की चर्चा थी। लेकिन सूची आई तो वह इसके बिल्कुल उलट थी। पार्टी ने उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वह पारंपरिक रूप से बहुत मजबूत है और पिछली बार भारी अंतर से जीती थी। कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जहां कांटे की टक्कर थी लेकिन ज्यादातर सीटें ऐसी हैं, जिन पर पार्टी आसानी से जीती थी। इस तरह भाजपा ने मुश्किल सीटों पर घोषणा नहीं की। साथ ही जहां अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत फाइनल नहीं हुई है वहां के उम्मीदवारों का ऐलान भी नहीं हुआ और जिन राज्यों या जिन सीटों पर विपक्षी गठबंधन के मजबूती से लडने का अनुमान है उन सीटों पर भी घोषणा रोक दी गई। भाजपा की इस बदली हुई रणनीति का मकसद यह दिख रहा है कि वह विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में सीट बंटवारा होने और उनके उम्मीदवार आने का इंतजार कर रही है।

विपक्षी उम्मीदवारों को देखने के बाद उनके सामाजिक समीकरण और उम्मीदवारों के राजनीतिक कद के हिसाब से भाजपा अपने प्रत्याशी तय करेगी। तभी ऐसा लग रहा है कि नजदीकी मुकाबले की संभावना वाली सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा थोड़े समय और रुकी रह सकती है। इससे यह जाहिर होता है कि चुनाव जितना आसान बताया जा रहा है उतना आसान नहीं है और भाजपा को इसका अंदाजा है। इसलिए वह मुश्किल सीटों पर ज्यादा दिमाग खपा रही है।

भाजपा की पहली सूची की एक खास बात यह है कि पार्टी ने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में लगभग पूरा ही बदलाव कर दिया। दिल्ली की सात में से पांच सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसमें चार पर नए उम्मीदवार उतारे गए हैं। भाजपा ने नई दिल्ली सीट पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिमी दिल्ली में दिवंगत साहेब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को, दक्षिण दिल्ली में रमेश विधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बधूड़ी को और चांदनी चौक मे डॉक्टर हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाया है।

मौजूदा सांसदों में सिर्फ मनोज तिवारी टिकट पाने में कामयाब हुए हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में सिर्फ दो लोग– विजय बघेल और संतोष पांडे को रिपीट किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि स्पीकर बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह टिकट नहीं हासिल कर सके तो दुर्ग से सांसद रहीं सरोज पांडेय को इस बार कोरबा से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के दिग्गज और आठ बार विधायक रहे ब्रजमोहन अग्रवाल इस बार रायपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। उधर मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है तो ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से लड़ेंगे। सबसे दिलचस्प मामला केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का है, जिनको पिछले साल विधानसभा की टिकट मिली थी और वे हार गए थे। लेकिन इस बार फिर उनको लोकसभा की टिकट मिल गई है। ऐसा लग रहा है कि आदिवासी सीटों पर या तो भाजपा के पास नए उम्मीदवार नहीं हैं या वह वह प्रयोग करने से बचना चाह रही है। कुल मिला कर भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची अपने असर वाले राज्यों में पार्टी का आत्मविश्वास दिखाने वाली है। तभी उसने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में बड़ा बदलाव कर दिया तो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में ज्यादातर सांसदों को वापस टिकट दे दिया। उत्तर प्रदेश में घोषित 51 नामों में 47 इस समय सांसद हैं। जिस अंदाज में भाजपा की सूची तैयार हुई है उसे देख कर लग रहा है कि वह हिंदी पट्टी के उत्तरी राज्यों में अपने प्रदर्शन को लेकर बहुत आश्वस्त है। तभी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि राज्यों में उसने एक झटके में ज्यादातर उम्मीदवार घोषित कर दिए। गुजरात के भी ज्यादातर प्रत्याशियों की घोषणा हो गई।

लेकिन बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा सावधानी बरत रही है। यह माना जा रहा है कि असली लड़ाई इन राज्यों में होने वाली है। इन राज्यों में विपक्षी पार्टियों की स्थिति मजबूत है। बिहार और महाराष्ट्र में विपक्ष का गठबंधन भी बहुत मजबूत है। विपक्षी पार्टियों ने इन चार राज्यों के हवाले भाजपा की सीटें कम करने का संकल्प जाहिर किया है। इसलिए भाजपा भी सावधानी बरत रही है। अगर उम्मीदवारों की बात करें तो कुछ बातें बहुत चौंकाने वाली हैं। जैसे भाजपा ने उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से कृपाशंकर सिंह को उम्मीदवार बनाया, जो पहले कांग्रेस में थे और मुंबई में राजनीति करते थे। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगे थे। फिर भी भाजपा ने उनको टिकट दे दी। इसी तरह पश्चिम बंगाल में आसनसोल सीट पर भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट देने का मामला है। उनकी बैकग्राउंड और रेपुटेशन चेक किए बगैर उनको टिकट दी गई। घोषणा के 24 घंटे के अंदर ही उनको नाम वापस लेना पड़ा। झारखंड की हजारीबाग सीट पर जयंत सिन्हा की जगह मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाना भी हैरान करने वाला फैसला है। पार्टी अभी तक झारखंड की 11 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है, जिसमें सिर्फ एक निशिकांत दुबे अगड़ी जाति के हैं। अगर प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रमेश विधूड़ी जैसे विवादित बयान देने वाले सांसदों को टिकट नहीं देने का मामला है तो तेलंगाना से लेकर राजस्थान और उत्तर प्रदेश तक दलबदलुओं को खुले हाथ टिकट बांटने का मामला भी है। सो, कह सकते हैं कि भाजपा ने चुनाव जीतने का पैमाना सबसे ऊपर रखा है और उसी आधार पर उम्मीदवारों का फैसला किया है।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती मसले पर एनडीए घटक दल की बैठक में मजबूती के साथ उठाया : अनुप्रिया पटेल




संवाददाता

लखनऊ। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि गुरुवार को कहा कि अपना दल एस ने अपने काम से कीर्ति अर्जित की है। हम अपने गठबंधन के पाले रोज–रोज नहीं बदलते हैं। हम अपनी विचारधारा के साथ निरंतर कायम रहने वाले लोग हैं, इसलिए हमारे दबे कुचले लोगों के हितों से जुड़ा कोई भी मसला आया है तो इस 10 साल में हमने विधानसभा से लेकर संसद तक उठाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि बहुत मसलों का समाधान हुआ है। एक ज्वलंत मसला है 69000 शिक्षक भर्ती। इसके लिए भी हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में हुई एनडीए घटक दल की बैठक में न्यायपूर्ण कार्रवाई के लिए हमने अपना पक्ष स्पष्ट तौर पर रखा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी बात को सुना गया है और उसका निदान हुआ है।

उम्मीद है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी इसका हल निकालेंगे। इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल गुरुवार को पार्टी के कैंप कार्यालय पर आयोजित पार्टी की राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों एवं पूरे प्रदेश से पहुंचे पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब घर बैठने का समय नहीं है। लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहा है और इस बार भी यह स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहेगा। 2024 में हमारा दायित्व ये है कि अपने स्टाइक रेट को बुलंदी पर बनाए रखना है। कहा कि मुझे कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भी यह कायम रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनडीए गठबंधन ने पीएम मोदी की हैट्रिक लगाने का फैसला किया है। इसके साथ ही हमें 400 पार जाने के लिए यूपी की 80 की 80 सीटें जीतना है। इसलिए हमें अपना दल (एस) के साथ साथ एनडीए का स्ट्राइक रेट भी 100 फीसदी रखना है। कहा कि इस बार एनडीए का कुनबा बढ़ा है। इसमें निषाद पार्टी, सुभासपा, रालोद और भाजपा सबसे बड़े सहयोगी के तौर पर हैं। इसलिए हमारा सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि प्रदेश की सभी 80 की 80 सीटों पर हमारा एक–एक कार्यकर्ता एनडीए घटक दल के उम्मीदवार की जीत के लिए हमें 100 फीसदी निष्ठा के साथ साथ देना है। ये कोशिश करनी है कि अपना दल एस के साथ एनडीए का भी स्ट्राइक रेट 100 फीसदी होना चाहिए। इसलिए किसी भी सहयोगी के उम्मीदवार के साथ पूरी ईमानदारी के साथ काम करेंगे और एनडीए के परचम को लहराने के लिए हमें 24 घंटे काम करना है। एक भी मौका नहीं गंवाना है, एक भी क्षण हमें नहीं गवाना है।

# एअर क्वालिटी मैनेजमेंट इन द इन्डो-गैंगेटिक प्लान पर कार्यशाला

संवाददाता

लखनऊ। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए एयरशेड एपरोच द्वारा एअर क्वालिटी मैनेजमेंट इन द इन्डो–गैंगेटिक प्लान पर होलट हॉलीडे इन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा0 अरूण कुमार सक्सेना ने किया।

इस अवसर पर डा0 सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, उत्तर प्रदेश राज्य और विश्व बैंक के सहयोग से सिन्धु गंगा के मैदान में वायु गुणवत्ता प्रबंधन' हेतु कार्यशाला का आयोजन एक सराहनीय पहल है।

इस कार्यशाला के माध्यम से रणनीति विकसित करने और आईजीपी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न राज्यों, विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच चर्चा की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यूपी के 17 के लिए सिटी एक्शन प्लान को मंजूरी दे दी है।

राज्य ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लागत अनुमान और समयसीमा पर अधिक विवरण के साथ कार्य योजनाएं भी तैयार की हैं, जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक अच्छा प्रयास माना गया है। वर्ष 2022 में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पहल के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के नौ शहरों को वायु गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए चुना गया था, जिनमें से पांच को वायु गुणवत्ता को सुधारने में उनके द्वारा किए गये प्रयासों को मान्यता दी गई थी। इंडो गैंगेटिक प्लेन (आईजीपी) क्षेत्र, आठ भारतीय राज्यों बिहार, हरियाणा, झारखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ और दिल्ली के साथ–साथ नेपाल और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों और पूरे बांग्लादेश में फैला हुआ है। यह क्षेत्र उत्सृजन स्त्रोतों एवं मौसमी कारणों से अत्यधिक वायु प्रदूषण संकट का सामना करता है, जो इसे विश्व स्तर पर सबसे गंभीर प्रदूषित क्षेत्रों में से एक बनाता है। वायु प्रदूषण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो आईजीपी क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को प्रभावित करता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ जाता है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों जैसी कमजोर वर्ग, तथा सामाजिक–आर्थिक रूप से वंचित आबादी, जिसमें लाखों गरीब परिवार भी शामिल हैं, को अपने स्वास्थ्य के लिए जोखिम का सामना करना पड़ता है।

# सुकन्या योजना पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दिनाँक 7 मार्च को भारतीय समाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली एवं शिक्षा शास्त्र विभाग बीबीएयू के संयुक्त तत्वाधान में ष्उत्तर प्रदेश में सुकन्या समृद्धि योजना का समाजिक आर्थिक प्रभावष् विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शिक्षा विभाग के डॉ० विवेक नाथ त्रिपाठी को मिली शोध परियोजना के अन्तर्गत शोध परिणामों को लेकर आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो० एस० विक्टर बाबू ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रो० आर. के. सिन्हा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० हरिशंकर सिंह , अर्थशास्त्र विभाग के प्रो० सनातन नायक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विवेक नाथ त्रिपाठी मौजूद रहे। डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो० एस० विक्टर बाबू ने सभी से सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों पर चर्चा की एवं डॉ० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय के डॉ० आर. के. सिन्हा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस तरह के शोध कार्य समाज में सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। दीर्घकालीन शोध इस योजना के प्रभाव के लिए आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार को पीड़ित महिलाओं के दुःख दर्द से को फर्क नहीं पड़ता : नीलम यादव

संवाददाता

लखनऊ। कानपुर में दो नाबालिक बहनों के साथ हुए गैंगरेप,फांसी के बाद गुरुवार को बच्चियों के पिता को न्याय न मिलने की आस में आत्महत्या कर लिए जाने पर आम आदमी पार्टी ने योगी सरकार को आड़े हाथों लिया. आम आदमी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव ने योगी सरकार कटघरे में खड़ा करते हुए कहा प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने की बात कहने वाले बड़बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहाँ हैं और कहा है उनका बुलडोजर ? प्रदेश में बहन बेटियों के साथ गैगरेप हो रहे है,बेटियां फांसी लगा रही है, उनको न्याय क्यों नहीं मिल रहा है. न्याय न मिलने की उम्मीद में बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली. इस घटना से देश का सर शर्म से झुक गया है. योगी सरकार का इतिहास रहा है हाथरस, उन्नाव से लेकर कानपुर तक बलात्कारियों को बचाने का काम किया है जिससे ईंट भट्टा ठेकेदार जैसे आरोपियों के हौसले बुलंद ह। कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन बहन बेटियों के साथ पाप हो रहा है. हत्याएं बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है.योगी सरकार को पीड़ित महिलाओं के दुःख दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता.योगी सरकार ने दावे किये थे कि उत्तरप्रदेश में बहन बेटियां सुरक्षित रहेंगी लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है मैं योगी जी से कहना चाहती हूँ कि आपका पहला कर्तव्य है बहन बेटियों की सुरक्षा, व कानून व्यवस्था को सही रखना ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके अपराधियों मे दहशत होना चाहिए. वहीं जौनपुर में दिन दहाड़े बेखौफ बदमाशों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी. इन घटनाओं से साफ है यूपी में जंगलराज चल रहा है.

### एटा में राजकीय आईटीआई भवन के निर्माण कार्य हेतु 258.15 लाख रूपये मंजूर

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद एटा के विकास खण्ड मारहरा में राजकीय आई.टी.आई. भवन के निर्माण कार्य हेतु 258.15 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी, एटा के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस सम्बंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार योजना हेतु मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार सम्बंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी। योजना के लिए स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक अथवा डाकघर में नहीं रखी जायेगी। यह धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

### त्वरित आथक विकास योजना के अन्तर्गत फतेहपुर, मीरजापुर एवं सुलतानपुर हेतु 481.575 लाख रूपये मंजूर

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद फतेहपुर, मीरजापुर एवं सुलतानपुर में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों हेतु कुल 481.575 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार जनपद फतेहपुर में 08 कार्यों हेतु 245.20 लाख रुपये, जनपद मीरजापुर में 04 कार्यों हेतु 90. 47 लाख रुपये तथा जनपद सुल्तानपुर में 10 कार्यों हेतु 154.905 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं।

### स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश को 29 करोड़ रूपये की दो परियोजनाओं की सौगात दी

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना द्वितीय के अन्तर्गत प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल सीतापुर स्थित नैमिषारण्य एवं प्रयागराज की लगभग 29 करोड़ रूपये की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किये जाने पर आभार व्यक्त करते हुये कहा कि दोनों पर्यटनों स्थलों को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किये जाने से प्रदेश के पर्यटन को नयी उड़ान मिलेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश को पर्यटन का हब बनाने के लिये इन दोनों परियोनजाओं की सौगात दी है। उन्होने कहा कि नैमिषारण्य की परियोजना की लागत लगभग 15.95 करोड रुपये तथा प्रयागराज की परियोजना की लागत 13.02 करोड़ रूपये है। उन्होने कहा कि इन परियोनजाओं के धरातल पर उतरने से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही रोजगार के नये अवसर तथा होटल, रेस्टोरेन्ट, टूर ऑपरेटर आदि के कारोबार बढ़ेगे। पर्यटन मंत्री आज पर्यटन मीटिंग हॉल, सत्संग भवन, उन्होंने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुये कहा कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदेश के विशाल आकार तथा सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन की असीम सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये प्रधानमंत्री जी ने प्रयागराज एवं नैमीषारण्य को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिये स्वदेश दर्शन स्कीम द्वितीय के तहत चयनित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गलत दवाएं लौटाने की बात पर विवाद

संवाददाता

फतेहपुर। जिला अस्पताल के दवा वितरण कक्ष में एक कर्मचारी ने युवती से अकड़ दिखाते हुए बाहर से दवाई लेने की धमकी दी। इस दौरान कक्ष के बाहर हंगामा हुआ और तीमादार व कर्मचारियों के बीच कहासुनी हुई। आसपास के लोगों के आने पर मामला शांत हुआ। गुरुवार को शहर के खुशवक्तराय नगर निवासी हर्ष द्विवेदी अपनी बहन का इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंचे। यहां ईएनटी के डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद उन्होंने दवा वितरण कक्ष से दवाएं लीं। इसके बाद वह फिर से डॉक्टर को दवा दिखाने पहुंचे। डॉक्टर ने बताया कि यह बच्चों की दवाएं हैं और इन्हें बदल कर दूसरी लो।इसके बाद उनकी बहन दवा कक्ष में दवाएं बदलवाने पहुंची तो वहां मौजूद कर्मचारी नाराज हो गया और उनसे दवाई और पर्ची छीन ली। उसने कहा कि बाहर से जा कर दवा लो। इस दौरान उनके बीच कहासुनी हुई। मामले का वीडियो भी वायरल हुआ। बाद में पहुंचे होमगार्ड के जवानों ने उन्हें समझा कर शांत कराया। इसके बाद उन्हें दवाइयां बदल कर दी गईं। सदर तहसील क्षेत्र के गांव बेरागढ़ीवा निवासी सुरेश गुरुवार सुबह लकड़ियां तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े। इस दौरान वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजन उन्हें ले कर जिला अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक इलाज होने के बाद उन्हें सामान्य वार्ड में भर्ती कराया गया। भाई राकेश ने बताया कि दो घंटे से घायल वार्ड में भर्ती हैं, लेकिन कोई भी डॉक्टर अब तक इलाज करने नहीं पहुंचे।

### ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

संवाददाता

थरियांव। फसल में पानी लगाने किसान की ट्रेन की चपेट आने से मौत हो गई है। थरियांव थाना क्षेत्र के टेक्सारी बुजुर्ग निवासी श्रीचंद्र मौर्य (50) बृहस्पतिवार की सुबह करीब पांच बजे रेलवे क्रासिंग पार खेत में पानी लगाने गया था। वह दोपहर तक घर नहीं लौटा। परिजन काम अधिक होना मानकर खोजबीन और खाना देने के इरादे से खेत पहुंचे । बेटे जितेंद्र ने बताया कि पिता खेत पर नहीं थे। आसपास के लोगों से पता चला कि पिता खेत पर नहीं पहुंचे। इसी दौरान रसूलाबाद रेलवे स्टेशन आउटर पर ग्रामीणों ने शव पड़ा देखकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने कपड़ों से शव की पहचान की। घटना से पत्नी सरस्वती, बेटा जितेंद्र, शिवेंद्र बेटी नेहा का हाल बेहाल हो गया। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पांच मामलों में आठ दोषियों को सुनायी सजा

संवाददाता

फतेहपुर। खागा न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के आरोपी उपेंद्र मौर्य को सजा सुनाई है। आरोपी किशनपुर थाना क्षेत्र के शाहीपुर निवासी हैं। कोर्ट ने न्यायिक कार्य के दौरान बैठने और 100 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी पर खागा पुलिस ने 2009 में मुकदमा दर्ज किया था। उक्त कोर्ट ने खागा नई बाजार निवासी चंदन सिंह को अश्लील हरकत के मुकदमे में दोषी करार दिया। न्यायिक कार्य के दौरान कोर्ट में मौजूदगी व 100 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। खागा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 2003 में मुकदमा दर्ज किया था। इधर, बिंदकी ग्राम न्यायालय ने जहानाबाद थाने के दारागंज निवासी मनीष, अरबाज, इरफान को जुआं खेलने के आरोपी में दोषी करार दिया। तीनों को 50–50 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इधर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या तृतीय ने आर्म्स एक्ट के आरोपी रणवीर सिंह को जेल में बिताई सजा व एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

आरोपी गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाखा गांव निवासी है। गाजीपुर पुलिस ने उसे 2002 में आर्म्स एक्ट में पकड़ा था। उक्त कोर्ट ने थरियांव थाना क्षेत्र के रमवां पंथुवा निवासी विष्णु दत्त तिवारी को आर्म्स एक्ट में जेल में बिताई अवधि व एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी को 2004 में गाजीपुर पुलिस ने पकड़ा था।

### जेल वार्डर बिलाल ने शारीरिक दक्षता के तीन अवार्ड जीते

संवाददाता

फतेहपुर। कारागार कार्मिक शारीरिक दक्षता प्रतियोगिता में जेल वार्डर बिलाल ने तीन अवार्ड जीते हैं। डीजी जेल एसएन साबत ने वार्डर को अच्छा प्रदर्शन पर प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। लखनऊ डा. सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिला कारागार से बिलाल अहमद जेल वार्डर ने प्रतिभाग किया। जेल अधीक्षक मो. अकरम खान ने बताया कि वार्डर ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम, 800 मीटर दौड़ में तृतीय व 1500 मीटर की दौड़ स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का भी पुरस्कार प्राप्त किया। समापन समारोह में डीजी जेल डा. एसएन साबत, आईजी कारागार जटाशंकर मिश्र ने वार्डर को ट्राफी व प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया है।

### ट्रैक्टर–ट्राली के व्यावसायिक प्रयोग पर कसेगा शिकंजा

संवाददाता

फतेहपुर। परिवहन विभाग कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर–ट्रालियों को व्यावसायिक उपयोग पर शिकंजा कसेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन पुष्पांजलि मित्रा ने बताया कि ऐसे ट्रैक्टर ट्राली का व्यावसायिक उपयोग केंद्रीय मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर–ट्रालियों को अनावश्यक रूप से मुख्य मार्गों पर न ले जाएं। व्यवसायिक प्रयोग करते हुए इंट, मिटटी, गिट्टी एवं मौरंग की ढुलाई में कतई उपयोग न करें। ट्रैक्टर के साथ सभी अभिलेख लेकर चलें।

# ढोल–नगाड़े की धुन में भूत–पिशाचों संग निकलेगी भोले की बरात




संवाददाता

बिंदकी। शिवरात्रि के चलते मंदिरों में रंगाई–पुताई के साथ–साथ साज–सज्जा का काम गुरुवार देर शाम तक चलता रहा। बिंदकी नगर में शिवरात्रि के अवसर पर ढोल–नगाड़ों की धुन में भूत–पिशाचों के रूप में सजे बरातियों के साथ भगवान शिव बरात की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा खजुहा रोड में नहर के किनारे स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर मुगल रोड होते हुए पूरे नगर में भ्रमण करेगी।

नगर के गांधी चौराहा स्थित सिद्धेश्वर धाम बाबा कुटी मंदिर में रंगाई–पुताई के साथ साज–सज्जा का काम देर शाम तक चलता रहा। बाबा कुटी मंदिर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में देर शाम भगवान शिव–पार्वती, राधा–कृष्ण, मां काली और वीर हनुमान की भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इसी प्रकार मीरखपुर स्थित डूंडेश्वर मंदिर, महाजनी गली स्थित प्राचीन शिव मंदिर, ललौली रोड स्थित कैलाश मंदिर, जय गुरुदेव मंदिर में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम की व्यवस्था संभालने वालों में शिव शंकर शुक्ला, महेश लोहिया, नीरज लोहिया, विभु शुक्ला, राजू शर्मा, सूरज बली विश्वकर्मा सहित दर्जनों शिवभक्त देर शाम तक तैयारियों में डटे रहे।

## 50 यात्रियों भरी रोडवेज बस पेड़ से टकरायी, हादसा बचा



संवाददाता

फतेहपुर । बांदा से यात्रियों को लेकर आ रही फतेहपुर डिपो की बस गुरुवार दोपहर साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर खंती में चली गई। हादसे में साइकिल सवार घायल हुआ। एक–दूसरे पर गिरने से कुछ यात्री मामूली रूप से जख्मी हुए। सभी सवार सुरक्षित बचे हैं। पुलिस ने बस खड़ी कराई है। चालक और परिचालक मौके से भाग निकले हैं। बांदा से शहर आ रही रोडवेज बस में 55 यात्री सवार थे।

बस ललौली थाने के जमेनी गांव पेट्रोल पंप के पास पहुंची थी। तभी साइकिल से लाही का बोझ लेकर जा रहे शंकरपुर निवासी राजेश निषाद (25) को रोडवेज ने टक्कर मार दी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हुआ। बेकाबू बस खंती में चली गई।

पेड़ से टकराने के बाद रुकी। यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। वह एक दूसरे पर गिरे और सीटों से टकराए। वह अपनों को संभालने में जुटे दिखे। पुलिस मौके पर पहुंची। बस में सवार सभी लोग सुरक्षित निकाले गए। उन लोगों को मामूली चोट आई। बस दतौली चौकी में खड़ी कराई गई। पुलिस के मुताबिक बस चालक मुत्तौर निवासी राजेश मिश्रा व खागा निवासी परिचालक मनीष पांडेय भाग निकले हैं। प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ठगी के 3.70 लाख रुपये वापस मिले

संवाददाता

फतेहपुर। साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर कारोबारी के खाते से नौ लाख की धोखाधड़ी की। साइबर सेल के प्रयास से तीन लाख 70 हजार रुपये पीड़ित के खाते में लौट सके। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ईसेपुर आलमपुर निवासी अनुराग उत्तम परिवार के साथ शहर के ओमकार नगर में रहते हैं। साइबर अपराधियों ने 13 फरवरी को फोन किया। शेयर की खरीद–फरोख्त के लिए ट्रेडिंग खाता खुलवाकर मुनाफे का लालच का देकर कई बार में नौ लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने मामले की एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने जांच शुरू की। रुपये ट्रांसफर हुए खातों की जांच की। कार्रवाई के दौरान साइबर अपराधी के खातों में बची रकम तीन लाख 70 हजार रुपये लौट सके हैं।

## 18 फीट चौड़ा नाला, दो फीट में सिमटा

संवाददाता

फतेहपुर। शहर के आबूनगर मोहल्ले में जलभराव गंभीर समस्या बन चुकी है। नगर पालिका में दर्ज 18 फीट चौड़ा नाला अतिक्रमण की जद में इस तरह समा गया है कि अब इसकी चौड़ाई घटकर महज दो फीट रह गई है।

ऐसे में मामूली बारिश में सीओ सिटी दफ्तर समेत करीब 5000 की आबादी की हर सड़क जलमग्न हो जाती है। रानी कालोनी मार्ग पर एक फीट से अधिक पानी भरता है।

शहर का सबसे लंबा यह नाला आबादी के मध्य सिमट कर दो फीट बचा है। चर्म विद्यालय के पास नाले का निकास ही बंद हो चुका है। नाले का निकास बंद होने से बारिश के मौसम में पंपिंग सेट लगाकर जलनिकासी कराने में हर साल नगर पालिका को लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

यह नाला शह के तांबेश्वर मोहल्ले से निकलता है। करीब एक किलोमीटर से अधिक दूर का पानी इस नाले से होकर निकलता है। ऐसे में मामूली बारिश में ही आबूनगर से लेकर खलीलनगर तक जलभराव की समस्या बनती है। यहां तक कि कब्जेदारों ने अपनी सुविधा के हिसाब से निर्माण कराकर नाले की दिशा तक बदल दी है। नाला कहीं पांच तो कहीं चार फीट के बजाय एक स्थान पर नाला सिर्फ दो फीट ही बचा है। चर्म विद्यालय के पीछे आकर नाला का रास्ता अवरुद्ध है। आबूनगर मोहल्ले में सीओ दफ्तर के उत्तर आबादी के मध्य की सड़क गहराई में है, जबकि नाली ऊंचाई पर है। ऐसे में सड़क का पानी नाली के रास्ते निकल नहीं पाता। यही स्थिति मोहल्ले की कई सड़कों की है। बारिश के दिनों में नीचे बसे मोहल्लों में जलभराव हो जाता है। इससे इन मोहल्लों में रहने वाले लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी खासी प्रभावित होती है। शहर के आबूनगर निवासी सोनू वालिया का कहना है कि जलभराव की समस्या अतिक्रमण से उत्पन्न हुई है। 18 फीट चौड़ा नाला कहीं–कहीं दो फीट ही बचा है। आगे नाले का निकास ही अवरुद्ध कर दिया गया है। सालों से नाले की सिल्ट सफाई भी नहीं हुई है।

# यूपी को प्रधानमंत्री ने दी 29 करोड़ धनराशि की परियोजनाओं की सौगात

## – केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना में प्रयागराज और नैमिषारण्य का चयन
## – दो परियोजनाओं का पीएम ने किया शिलान्यास





संवाददाता

सीतापुर। केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना–2.0 में प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल सीतापुर स्थित नैमिषारण्य और प्रयागराज का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां लगभग 29 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं की सौगात दी।

उन्होंने गुरुवार को वर्चुअल रूप से नैमिषारण्य की लगभग 15.95 करोड़ की योजना और प्रयागराज की लगभग 13.02 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण नैमिषारण्य स्थित पर्यटन मीटिंग हाल में किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दोनों पर्यटन स्थलों को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किए जाने से प्रदेश में पर्यटन के नई उड़ा मिलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर से एक केन्द्रीकृत वर्चुअल समारोह के माध्यम से उप्र में पर्यटन की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी नैमिषारण्य में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश के विशाल स्वरूप, समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन की असीम सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रयागराज एवं नैमिषारण्य को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने हेतु स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 के अन्तर्गत चयनित किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि नैमिषारण्य में वैदिक वेलनेस एक्सपीरियन्स योजना के अन्तर्गत गोमती नदी में जेट्टी एवं बोट्स, ध्वनि एवं प्रकाश शो समेत अन्य कार्यों के लिए लगभग 15.95 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए नैमिषारण्य से लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, चित्रकूट आदि स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर की सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नैमिषारण्य क्षेत्र के विकास हेतु संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत नवीन स्वीकृत योजनाओं के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैदिक ट्रेल की माध्यम से पौराणिक एवं ऐतिहासिक जानकारियों को पर्यटकों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाए जाने का संकल्प लिया गया है। जिसके अंतर्गत नैमिषारण्य क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। पर्यटन की सुविधाओं में निरन्तर सुधार हो रहा है तथा बेहतर सड़क नेटवर्क होने से आवागमन भी सुगम हो सका है। सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान ने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होने से बेहतर पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि 88 हजार ऋषियों की यह तपस्थली विश्व कल्याण का प्रमुख साधन बने, इसके लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव ने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सम्मिलित प्रयासों से नैमिषारण्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि कार्य में लगे सभी अधिकारी भाग्यशाली हैं जो इतना महान कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, संतगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्मार्ट टीवी विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी : प्रेरणा सिंह

संवाददाता

सीतापुर। आधुनिक युग में शिक्षा के क्षेत्र में संचार माध्यमों का बड़ा योगदान है, जिसको विभिन्न माध्यमों से बढ़ाने का काम लगातार सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में सांसद की पहल पर बैंक ऑफ बड़ौदा व प्रोमिसिंग इंडिया सोसाइटी की ओर से उपलब्ध कराई गई स्मार्ट टीवी विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। उक्त बातें बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए सांसद द्वारा प्रदान की गई स्मार्ट क्लास का शुभारंभ सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में करते हुये सोसाइटी की अध्यक्षा प्रेरणा सिंह ने कही। सांसद राजेश वर्मा द्वारा वर्ष 2023 यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में प्रदेश टॉप करने वाली सीता इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियांशी सोनी की उपलब्धि पर कालेज में स्मार्ट क्लास के संचालन के लिये स्मार्ट टीवी भेंट की। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ मैनेजर आशीष सिंह, सीनियर मैनेजर मंयक सिंह, रीजनल ऑफिसर अभिषेक सिंह, मैनेजर गौरव सिंह, फॉरेस्टर अरविंद यादव राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज सहरा नानकारी के सहायक शिक्षक शैलेंद्र वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी द्वारा बुके भेंट कर किया गया। कॉलेज में सांसद राजेश वर्मा द्वारा स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर संस्था के चेयरमैन के साथ डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, राकेश शुक्ल, शिव सेवक मिश्र, आशीष मौर्य सहित शिक्षक–शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुये बधाई दी।

## सफा के लिये टीमों का किया जा रहा गठन : शैलेन्द्र दुबे



संवाददाता

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर सभासदों की संतुष्टि के बाद ही भुगतान हो सकेगा।

गुरुवार को सम्पन्न हुई पालिका बोर्ड बैठक में उक्त प्रस्ताव के साथ टेण्डर लेकर समयबद्ध तरीके से विकास कार्य शुरू न करने वाली फर्मों को भी ब्लैक लिस्ट कर दिये जाने का प्रस्ताव सभासदों ने ध्वनि मत से पारित किया। गुरूवार की दोपहर 12 बजे से नगर पालिकाध्यक्ष मो. अहमद की अध्यक्षता में पालिका सभागार में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ईओ शैलेन्द्र दुबे ने उपस्थित सभासदों को गत कार्रवाई पढ़कर सुनाई।

पैगम्बरपुर वार्ड के सभासद मो0 आसिफ सईद ने पैगम्बरपुर में बने पुराने सिनेमाघर को किराए पर देकर पालिका की आय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। जिसे पास कर दिया गया। इसके अतिरिक्त पालिका कार्यालय के बाहर टैंकर को भरने के लिये बोरिंग कराने का भी प्रस्ताव दिया गया। संगत वार्ड सभासद राना राशिद कामरीन ने वार्ड की मुख्य सड़क के निर्माण का मुद्दा उठाया।

जिस पर चेयरमैन ने कहा कि उस सड़क का टेण्डर हो चुका है। काम शुरू हो जायेगा। सभासदों के सम्मान को ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने प्रस्ताव किया कि वार्डों के विकास कार्यों में अब सभासदों की संतुष्टि के बिना ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जायेगा। जब सभासद कार्य की संतुष्टि पत्र ठेकेदारों को देगे तभी पालिका भुगतान करेगी।

## राष्ट्रीय अविष्कार प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता

सीतापुर। उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की राष्ट्रीय अविष्कार ब्लाक स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन पिसावा क्षेत्र में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पिसावां अवनीश कुमार के नेतृत्व आयोजन कराया गया। प्रातियोगिता मे 202 छात्रों ने भाग लिया। गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों के कक्षा छह, सात व आठ के 202 छात्रों की राष्ट्रीय अविष्कार ब्लॉक स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर तीन चरणों मे परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों को पहले बहुविकल्पीय प्रशन दिये गए। जिसके बाद सफल 88 छात्रों मे दूसरे चरण की परीक्षा मे दस बहुविकल्पीय व तीन लघुउत्तरीय प्रशन पूंछें गए। इसमें बीस बच्चों ने सफलता हासिल की। जिनका शिक्षकों द्वारा साक्षात्कार किया गया। इसमें तीन छात्राएं व दो छात्र सफल हो सके। जिसमे पारूल कपूरपुर, आर्यन जिगनिया,, अश्विका सिंह बरगावां, अभिषेक फखरपुर, रिया पिपरी शादीपुर शामिल हैं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने प्रतियोगिता शामिल सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया। सभी को पुरुकृत किया। इस मौके पर डायट प्रवक्ता नरेंद्र कुमार, शोभित श्री वास्तव, पंकज अवस्थी, अमित त्रिवेदी, नवल किशोर शुक्ला, अरूण तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार हर नागरिक को मुफ्त इलाज दे रही : बृजेश पाठक



संवाददाता

सीतापुर। प्रत्येक नागरिक को मुफ्त इलाज मिल सके अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल सके इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आयुष्मान बीमा योजना के अंतर्गत प्रत्येक कार्ड धारक को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज करने का कार्य किया है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लहरपुर के पारा सराय में स्थित केपी सिंह मेमोरियल क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के उद्घाटन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने बताया समय आ गया है। अब आप अपने प्रिय सांसद राजेश वर्मा जी को दोबारा पार्लियामेंट भेजने का कार्य करें ? । कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राजेश वर्मा ने की और अपने उद्बोधन में बताया केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आम जनमानस के लिए हर सुख सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है चाहे इलाज हो चाहे आवास हो चाहे नए–नए उद्योग लगाने का कार्य हो कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेश शुक्ला जी अकाउंटेंट बीएन सिह, शिवपूजन सिंह, डॉक्टर सहरोज मीर, दिनेश कुमार शुक्ला, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विकास पांडे समेत सम्मानित नागरिक और क्षेत्रीय नेता उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत की बैठक में 222 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास



संवाददाता

बाराबंकी। गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में अध्यक्ष राजरानी रावत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सबसे पहले प्रदेश के राज्यमंत्री सतीष शर्मा ने जिला पंचायत द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला पंचायत की 222 परियोजनाओं लागत 52.88 करोड़ का शिलान्यास किया गया। इसके उपरांत आशुतोष कुमार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बाराबंकी द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से निर्धारित एजेन्डा के अनुसार सदन की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

जिसमें जिला पंचायत बाराबंकी का वित्तीय वर्ष 2023—24 पुनरीक्षित बजट मु0 117.149 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024—25 की मूल बजट मु0 61.77 करोड़, जिला पंचायत की पंचम/पन्द्रहवॉं वित्त योजना अंतर्गत वर्ष 2024—25 की मु0 56.00 करोड़ की वार्षिक कार्य योजना, मनरेगा योजना वर्ष 2024— 25 का लेबर बजट मु0 7037724/—मानव दिवस (रु 26815.03 लाख), जिला पंचायत बाराबंकी की कर सूची वित्तीय वर्ष 23— 24, तथा जिला पंचायत बाराबंकी की 03 उपविधियो का सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

सदन में विभिन्न जिला पंचायत सदस्यों व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र से संबंधित सिंचाई, जल निगम, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायतीराज विभागों से संबंधित समस्याओं को उठाया गया जिसके समाधान हेतु अध्यक्ष द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रुप से सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधायक दिनेश रावत, सपा विधायक धर्मराज सिंह यादव सहित सभी विकास खण्डों के ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य गण, सीडीओ अ. शुदन, सीएमओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, कार्य अधिकारी, व अभियंता जिला पंचायत बाराबंकी तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी नवाबगंज बाराबंकी उपस्थित रहे।

# दैवीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

## ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को राहत देने और बाढ़ बचाव प्रबंधन पर चर्चा



संवाददाता

बाराबंकी। दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की गुरुवार को विधान परिषद के कक्ष संख्या ७७ में सम्पन्न बैठक में कहा गया कि हाल में हुई वर्षा और ओला वृष्टि से हुए नुक़सान की भरपाई नियमानुसार की जाए और क्षति का मूल्यांकन भी सही किया जाए। समिति ने कहा कि प्रभावित किसानों को उनके नुक़सान की भरपाई के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य किए जाएं।

समिति के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चैधरी, बाबूलाल एवं इंजीनियर अवनीश कुमार तथा शासन के सम्बंधित अधिकारी एवं अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समिति ने कहा कि किसानों राहत अब कोई औपचारिकता नहीं रह गई है बल्कि एक वास्तविक तथ्य बन चुकी है। उन्होंने कहा कि खड़ी फसल वर्षा या ओला वृष्टि से चैपट हुई है या खेतों में कटी हुई, जो उठाई नहीं जा सकी और खेत में रह गई थी, उसके भी नुक़सान का मूल्यांकन भी विशेष सतर्कता से किया जाए और नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के के साथ है और प्रशासन के किसी भी कृत्य से ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि उनके साथ सरकार नहीं है।

समिति के अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने कहा कि पिछले तीन साल में जनपद बाराबंकी में बाढ़ से बचाव के लिए मिले बजट के सापेक्ष कितना और क्या क्या कार्य हुआ, इसे जून के प्रथम सप्ताह में समिति स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर देखेगी। उन्होंने कहा कि जो कार्य भी हुए हैं, उनका विवरण उन्हें मिल जाए ताकि इस वर्ष वर्षा ऋतु से पहले ही बचाव के सभी कार्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कहा कि बाराबंकी में बाढ से बचाव के कार्य तेजी से पूर्ण किए जाए ताकि बाढ से खतरा न्यूनतम रह जाए। उन्होंने ज़िला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि वे जनपद बाराबंकी में बाढ़ के खतरे को कम से कम करने के लिए संकल्प बद्ध होकर कार्य करें।

# सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भावुक हुए श्रोता

संवाददाता

बाराबंकी। क्षेत्र दुल्हदेपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई कथा के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा तथा सुदामा चरित्र सुनकर श्रोता भावुक हुए। दुल्हदेपुर में द्वारिका प्रसाद के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा व्यास पूरे ब्रम्हण महुलारा गुरु आश्रम बड़ी छावनी से आये कथा व्यास पंडित दुर्गेश तिवारी जी महाराज ने भागवत के कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इसमें ऊषा चरित्र, नृग चरित्र, वासुदेव नारद संवाद, सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने ने सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में बताया तथा समाज को समानता का संदेश दिया। कथा को विस्तार देते हुए कथा व्यास ने बताया की श्रीमद् भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं।

उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि मनुष्य जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा।श्री व्यास जी ने गो सेवा कार्य करने पर जोर दिया। सुदामा की मनमोहक झांकियो का चित्रण किया गया जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## बीडीओ और ब्लाक प्रमुख ने रखी आंगनबाड़ी केन्द्र की आधार षिला

संवाददाता

बाराबंकी। गुरुवार को विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत जरगांवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पंचम राज्य वित्त (मनरेगा) आईसीडीएस योजना के अन्तगर्त आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण की आधारषिला खण्ड विकास अधिकारी पूजा सिंह और ब्लाक प्रमुख आरती रावत ने संयुक्त रुप से एक साथ रखी। इस मौके पर बोलते हुए खण्ड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने कहा कि लगभग 8 लाख की लागत से यह आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण किया जायेगा। क्योंकि जरगांवा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का कोई स्थायी भवन नही था। इसलिए शासन स्तर पर पैसा मंजूर होने के बाद मनरेगा के तहत इसका निर्माण कार्य कराया जायेगा। भवन पूरा हो जाने के बाद आंगनबाड़ी बच्चों को कहीं अलग नही जाना पड़ेगा। उन्होने आगे कहा कि विकास खण्ड सिद्धौर में जरगांवा और पूरेमोहम्मदपुरचण्डी गांव में ही नवीन आंगनबाड़ी भवनों को निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे पूर्व पुरोहित के माध्यम से विद्यालय परिसर के अन्दर पहले पूजा पाठ हुआ और हवन पूरा होने के बाद आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की आधारषिला भी रखी गयी। ब्लाक प्रमुख आरती रावत, खण्ड विकास अधिकारी पूजा सिंह, ग्राम प्रधान रजनी जायसवाल ने फावड़ा चलाकर भवन निर्माण की आधार षिला रखी। इस मौके पर मुख्य रुप से ग्राम पंचायत सचिव दीपक कुमार वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार जायसवाल, जेईएमआई सोमवीर यादव, सचिव हरीराम, संजय चैधरी, जनार्दन चैहान, सचिन अवस्थी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामू गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

## 12 ज्योतिर्लिंग होंगे शिव बारात का प्रमुख आकर्षण

संवाददाता

बाराबंकी। विगत 40 वर्षो से नगर में शिवरात्रि के अवसर पर निकाली जाने वाली शिव बारात इस वर्ष भी निकाली जाएगी, महाशिवरात्रि वार्षिकोत्सव के रूप में शिव जी की बारात अपरान्ह 3 बजे श्री नागेश्वर नाथ मन्दिर से सट्टी बाजार घण्टाघर, घनोखर चैराहा, सतरिख नाका होते हुये बाबा पंचमदास कुटी दशहराबाग पहुंचेगी। यह बारात ब्रह्मलीन बाबा पंचमदास एंव ब्रह्मलीन भरतदास के आशीर्वाद से आयोजित होती है। इस वर्ष बारात का मुख्य आकर्षण केन्द्र 12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन एवं विभिन्न प्रकार का झाँकियाँ रहेगी, दशहराबाग मेला मैदान पर द्वार पूजन, पाँव पूजन, विवाह एवं भण्डारा तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य सेवादार राजकुमार कश्यप,संजय निगम,राज सिंह,दिनेश तिवारी,मयंक द्विवेदी, संजय आकाश कश्यप, अभय सिंह, आलोक वर्मा प्रद्युम्न यादव (पंडवा), रवीन्द्र खजांची, मनीष सिंह आदि रहे।

## सुमली नदी से मंदिर को जल लेकर पहुंचे साधु

संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। ब्लॉक सूरतगंज इलाके के दोहई गांव में स्थित काशीनाथ महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के के दृष्टिगत गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने निरंकारी दास बाबा के घाट पर सुमली नदी से जल भरकर यात्रा में शामिल हुई। यात्रा दोहई से झंझरा चैराहे के रास्ते दौलतपुर, टड़वा, जिगनी, उतरावा, होते हुए भोलेनाथ के जयकारों के साथ पुनः शिव मंदिर पहुंची। जहां पर पंडित सिद्धनाथ शास्त्री ने बेदी पूजन व भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश व कार्तिकेय की प्रतिमाओ का जलाधिवास कराया गया। दोहई प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन सोमवार को किया जायेगा जिसके लिए ग्रामीणों के साथ ही क्षेत्रवासियों को बुलावा भेजा गया है। इस पावन अवसर पर अध्यापक सुरेंद्रनाथ वर्मा, सविता देवी, गंगोत्री वर्मा, अनिता देवी, पुष्पा, शिवरानी, आशा सहित सैकड़ों शिवभक्त महिला पुरूष व बच्चे उपारिथ्त रहे।

## सत्तारुढ़ दल में व्याप्त है बेचैनी : तनुज पुनिया

संवाददाता

बाराबंकी। देश की सबसे बडी अदालत सर्वोच्च न्यायालय ने भाजपा की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुये उस पर रोक लगाकर विभिन्न राजनैतिक दलो को इस योजना के तहत प्राप्त चन्दे को खुलासा करने के निर्देश के साथ भारतीय स्टेट बैक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौपने के निर्देश से सत्तारुढ दल में बेचैनी व्याप्त है। उक्त बात उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने गुरुवार को केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर स्टेट बैक आफ इण्डिया के समक्ष धरना प्रर्दशन में दी। तनुज पुनिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद 6 मार्च 2024 तक चन्दे की जानकारी साझा करने के लिये सार्वजनिक नही की गयी और एस0बी0आई0 ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवेदन दायर कर जानकारी साझा करने के 30 जून 2024 तक समय की मांग की है इस आवेदन से जाहिर होता है कि भाजपा द्वारा वित्तीय अनिमित्ताओं और कालेधन के स्रोत को छुपाने के लिये भारतीय स्टेट बैक का उपयोग किया जा रहा है क्योकि देश की सबसे बडे और पूर्णता कम्प्यूटरीकृत बैक को चुनावी बांड की जानकारी देने के लिये 30 जून तक का समय मांगा जाना साबित करता है कि भाजपा सरकार और भारतीय स्टेट बैक की मिलीभगत को उजागर करने के लिये आज यह विरोध प्रर्दशन आयोजित किया गया है। धरना प्रदर्शन में मुख्यरूप में राजेन्द्र वर्मा, रामहरख रावत, मो. इजहार सिद्दीकी, मो. इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र प्रताप यादव, रामानुज यादव, सना शेख, मो. आरिफ, मुइनुद्दीन अंसारी, सुरेन्द्र शर्मा टप्पू, जसवन्त यादव, अजीत वर्मा, सौरभ पाण्डेय सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# लिखित सिकायत मिली है टीम का गठन कर जांच करायी गयी

## जहां से कुछ सैम्पल लेकर मेडिकल संचालक को नोटिस दी गई है अग्रिम उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी




संवाददाता

संडीला/हरदोई। जब से प्रदेश में योगी सरकार बनी है तब से हरदोई जनपद की तहसील संडीला विकास की ओर अग्रसर है।

संडीला के इंडस्ट्रियल एरिया में लगातार नए उद्योगों को लगाने का कार्य किया जा रहा है जबकि पुराने उद्योग का विस्तार हो रहा है। हरदोई जनपद की तहसील संडीला जहां अपने लड्डुओं के लिए प्रसिद्ध था वहीं अब वेब्ले स्कॉट पिस्टल के लिए भी प्रसिद्ध हो गया है। संडीला के इंडस्ट्रियल एरिया में लगी वेब्ले स्कॉट की फैक्ट्री में लगातार नए–नए शस्त्र बनाए जा रहे हैं।

वेब्ले स्कॉट कंपनी ने अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सशस्त्र बलों के प्रयोग होने वाले कारतूस को बनाने का काम भी शुरू करने जा रही हैं। देश के साथ विश्व में प्रसिद्ध वेब्ले स्कॉट ने दीपावली पर तेरह राउंड के पिस्टल लॉन्च करने के बाद अब कारतूस बनाने के क्षेत्र में भी अपने कदम जमा दिए हैं। स्याल मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड ने इकाई का विस्तार किया है। कंपनी के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी के विस्तार के साथ ही 9 एमएम बोर और सशस्त्र सेना में उपयोग में लिए जाने वाले शस्त्रों के कारतूस भी अब संडीला की इस इकाई में बनाए जाएंगे। कारतूस बनाने को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। कारतूस बनाने का लाइसेंस भी मिल चुका है जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

# सरकार दिव्यांगों को सशक्त व सक्षम बनाने के लिए कृत संकल्प : जिपंअ



संवाददाता

हरदोई। स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन हेतु कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती पीके वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

उन्होंने कुल 424 दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये जिसमे 100 ट्राई साइकिल, 50 एमआर किट, 50 लेप्रोसी किट, 20 व्हील चेयर,10 हियरिंग ऐड,30 जोड़ी बैसाखी व 164 कृत्रिम अंग शामिल हैं। उपकरण पाकर दिव्यांग व उनके परिजन हर्षित नजर आये। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार दिव्यांगों को सशक्त व सक्षम बनाने के लिए कृत संकल्प है। उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजन विभिन्न कार्य आसानी से सम्पादित कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी ऋचा गुप्ता व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित की गयी मतदाता जागरूकता गोष्ठी

संवाददाता

हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उदघाटन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' रही।

इसका थीम वाक्य 'हरदोई ने ठाना है, सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड बनाना है, इसलिए सपरिवार शत प्रतिशत मतदान करने जाना है, रहा। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें। बैग के सदस्य मतदाताओं को जागरूक करें।

मतदान केन्द्रो पर साफ–सफाई को बेहतर बनाया जाये। गावों में मतदान के प्रति जागरूकता की अलख जगाएं। समाज के अलग–अलग वर्गो के बीच जाकर जागरूक करें। क्यूआर कोड का लोगों के बीच प्रचार करें। वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में लोगों को बतायें। उन्हें क्यूआर कोड स्केन कराएं। सीविजिल ऐप के माध्यम से आदर्श अचार सहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कर सकता है। ईकेवाईसी से अपने उम्मीदवार के बारे में जाना जा सकता है। उन्होंने बताया कि जेन्डर रेशियो का बढ़ना जनपद के लिए उपलब्धि है। ईपी रेशियो बढ़ा है। नये व दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। आगामी चुनाव में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी है। बैग के सदस्यो का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत के मामले में जनपद को शीर्ष जनपदों में लाना है।मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने बैग के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों से संवाद कर मतदान के लिए प्रेरित करती रहें। महिलाओ को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करें। हर घर जाकर मतदान की शपथ दिलाएं। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि जनपद में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपने भाषण के माध्यम से उपस्थित लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। युवा मण्डल बिजगवां ने नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर जनपद के बूथ जागरूकता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण के लिए पहुंचे जनपद न्यायालय

संवाददाता

हरदोई। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09 मार्च 2023 दिन शनिवार को किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश राज कुमार सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई द्वारा की जाएगी।

नोडल अधिकारी/अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर कराते हुए लोक अदालत को सफल बनायें।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश सुधाकर दुबे ने बताया कि इस लोक अदालत में न्यायालय के तीन हजार से ज्यादा मुकदमे लगाए गए हैं, जिनके अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी के साथ सचिव द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आम जनता को मिलने वाली राहत के लिए हरदोई जिले की समस्त बैंकों को बुलाया गया है जिसमें बैंकों द्वारा नोटिस जारी करवाए गए हैं, जिनके निस्तारण के लिए सभी जनता से अनुरोध किया गया है।

# कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली



संवाददाता

हरदोई। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी।

रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं रैली का नेतृत्व कर जनपद वासियों को शत प्रतिशत मतदान का सन्देश दिया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से सोल्जर बोर्ड चौराहा, बड़ा चौराहा, नुमाइश चौराहा, गाँधी मैदान से होते हुए वापस कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई।

रैली संपन्न होने के उपरांत जिलाधिकारी ने सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी,अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह,नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी,एसडीएम सदर सुशील मिश्रा, कलेक्ट्रेट परिसर व विकास भवन के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यूविन पोर्टल से होगा गर्भवती एवं बच्चों का टीकाकरण

संवाददाता

हरदोई। यूविन पोर्टल के माध्यम से अब बच्चों एवं गर्भवतियों का टीकाकरण होगा।कोविड टीकाकरण हेतु तैयार किये गये कोविन पोर्टल की तरह ही यूविन पोर्टल कार्य करेगा, इस पोर्टल का शुभारम्भ दिनांक 10 मार्च 2024 को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० रोहताश कुमार ने बताया कि पोर्टल पर टीकाकरण हेतु लाभार्थी स्वयं स्लॉट बुक कर सकेगा या टीकाकरण स्थल पर जाकर उपस्थित कर्मचारी द्वारा स्लॉट बुक करवा कर टीकाकरण करवा सकेगा ।

पोर्टल पर कहाँ–कहाँ टीकाकरण स्थल हैं,अगला टीका कब, कौन सा और कहाँ लगेगा, यह सभी सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ० आर०के० सिंह ने बताया कि इस पोर्टल हेतु सभी ब्लाकों एवं नगरीय क्षेत्रों में आज दिनांक 07 मार्च 2024 को सभी महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण आज किया जा रहा है ।

इससे पूर्व जनपद के सभी ब्लाकों एवं नगरीय क्षेत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिनांक 05 मार्च एवं 06 मार्च 2024 को पूर्ण किया जा चुका है । प्रशिक्षण राज्य स्तर से आये प्रशिक्षक मुदित माथुर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ० आर०के० सिंह एवं मो० हफीज खान वीसीसीएम कोल्ड चैन मैनेजर द्वारा दिया गया।

# सतत विकास के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं: जिलाधिकारी

संवाददाता

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सतत विकास के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित किया जाये। फीडिंग का कार्य ससमय कराया जाये। विभिन्न मानकों के सम्बन्ध में सूचना संकलन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, ब्लॉक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कस्बे से लेकर गांवों तक झोलाछाप की भरमार

संवाददाता

हरदोई। डॉक्टर धरती के भगवान कहे जाते हैं कोई भी बीमारी होने पर डॉक्टर ही याद आते हैं और विश्वास होता है कि डॉक्टर के पास जाएंगे तो ठीक हो जाएंगे,लेकिन जब डॉक्टर को ही पूर्ण जानकारी न हो तो निश्चित ही इलाज करवाने में डर लगेगा। सुरसा सहित सेमरा चौराहा क्षेत्र में तो झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है।

ताजा मामला सुरसा क्षेत्र के सेमरा चौराहा का है जहां एक बीमार पीडित व्यक्ति ने मारुति मेडिकल स्टोर संचालक जगमोहन के विरुद्ध सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डाक्टर सागर चौधरी को लिखित तौर पर शिकायतीपत्र देकर गुहार लगाई जिसमें पीडित ने मेडिकल संचालक पर दवा के एवज में मोटी रकम वसूल करने व स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया है।पीडित की माने तो तथाकथित व्यक्ति मेडिकल की आंड में गरीब जनता के स्वास्थ्य से बेखौफ होकर खिलवाड करर हे है।

# धार्मिक रीति रिवाज से विवाह बंधन में बंधे 111 जोड़े

संवाददाता

संत कबीर नगर। शुक्रवार को



महाशिवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ताराचंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मिठ ना धनघटा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल 111 जोड़े धार्मिक रीति–रिवाज से विवाह बंधन में बंधे। 108 हिंदू जोड़ों ने वैदिक मंत्रों के बीच सात फेरे लिए तो तीन मुस्लिम जोड़ों को निकाह पढ़ाई गई। विवाह के बाद सांसद समेत अधिकारियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में धनघटा तहसील क्षेत्र के विकासखंड हैंसर बाजार के 46, नाथनगर के 35 और पौली ब्लॉक के 30 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें तीन मुस्लिम जोड़ों को मौलवी ने निकाह पढ़ाया। सांसद इंजीनियर प्रवीण निषाद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार विभिन्न योजनाओं को संचालित करके जरूरतमंदों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को जनकल्याणकारी बताते हुए सांसद ने कहा कि यह योजना गरीब परिवार के लड़के और लड़कियों का बगैर किसी परेशानी के हाथ पीला कराने में वरदान साबित हो रही है। ऐसे परिवार के लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है जो अपने पुत्र और पुत्री की शादी में कर्ज लेने को विवश थे। जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कुल 111 जोड़ों की शादी संपन्न हुई है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी हैंसरबाजार राम प्रताप पांडेय, सहायक विकास अधिकारी गजानन पाल, राकेश पाठक, एडीओ एजी राम ललन मिश्र, सुभाष यादव आदि लोग मौजूद रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अव्यवस्था का बोलबाला रहा। कार्यक्रम स्थल पर दूल्हा और दुल्हन के साथ पहुंचे उनके परिजन और रिश्तेदार पानी की तलाश में इधर–उधर भटकते नजर आए। वैवाहिक कार्यक्रम में आए दूल्हा–दुल्हन के रिश्तेदार व परिवार के राम जनम, प्रधान आध्या प्रसाद यादव, लक्ष्मी प्रसाद, कन्हैया कुमार, लालमति, सुमित्रा, कमलावती आदि ने बताया कि सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में दूल्हा–दुल्हन को आशीर्वाद देने के लिए सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। तलाशने पर कहीं पानी का इंतजाम नहीं दिखा। एक जोड़े के लिए 51000 रुपये शासन के जरिए भेजा जाता है। जिनमें 35 हजार रुपये लड़की के खाते में जाता है और 10000 रुपये के सामान बर्तन आदि मुहैया कराए जाते हैं। 6000 रुपये प्रति जोड़ा खाने–पीने के इंतजाम पर व्यय होता है। पानी भोजन आदि का इंतजाम किया गया था। यहां पानी और भोजन न मिलने की बात बेबुनियाद है।

## जेठ–जेठानी पर पति से मारपीट का आरोप, केस

संवाददाता

संत कबीर नगर। मेंहदावल क्षेत्र के बढया टोला इंदरपुर में मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी जेठ, जेठानी व उनके बेटी पर केस दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बढ़या टोला इंदरपुर गांव निवासी कोईली देवी ने तहरीर में बताया कि छह मार्च को उनके पति पटीदार के यहां शादी में खाना खाने और परिजनों के लिए खाना लाने गए हुए थे। वहीं बगल में जेठ संजू निषाद परिवार के साथ रहते हैं। जेठ के साथ ही सास सोनमती भी रहती हैं। पति, मां से मिलने के लिए वहां पर चले गए। सास से मिलने पति के जाने पर सभी को काफी नागवार लगा। इसके बाद जेठ, जेठानी और उनकी बेटी पति को अकारण ही गाली देते हुए मारा–पीटा। पुलिस ने जेठ संजू निषाद, सुमित्रा देवी व रोशनी के खिलाफ तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रेमिका को मारी गोली, खून से लथपथ देख अस्पताल भी पहुंचाया, दो पर केस

संवाददाता

संत कबीर नगर। 11वीं कक्षा में पढ़नेवाली एक छात्रा (17) को कोचिंग से अगवा कर बृहस्पतिवार देर रात उसके कथित प्रेमी ने गोली मार दी। गोली किशोरी के पेट में दायीं तरफ लगी है। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गोली मारने के बाद आरोपी खून से लथपथ किशोरी को गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में ले गया। किशोरी को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां वह मौत से जूझ रही है। उधर, पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसका एक साथी फरार हो गया। प्रेमी राहुल यादव पर दुष्कर्म का प्रयास, अपहरण, जान से मारने की कोशिश, पॉक्सो एक्ट व सहयोगी हरिओम यादव पर भी केस दर्ज हुआ है। गोली मारे जाने का कारण अब तक सामने नहीं आया है। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम धनघटा क्षेत्र की रहने वाली 11वीं की छात्रा कोचिंग पढ़ने गई थी। घर लौटने का समय बीत जाने के बाद भी जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। बताया जा रहा है कि छात्रा जब कोचिंग सेंटर से निकली तभी महुली क्षेत्र का रहनेवाला उसका प्रेमी चारपहिया वाहन में आया और उसे बिठाकर चला गया। इसका पता चलने पर घरवालों ने युवक को फोन किया और बेटी से बात कराने को कहा। परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक ने बेटी को गोली लगने की जानकारी देते हुए बताया कि वह गोरखपुर में एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहा है। इतना सुनते ही परिवार में चीख–पुकार मच गई। परिवार वालों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी और युवक के बताए गोरखपुर के निजी अस्पताल पहुंचे। उस समय प्रेमी अस्पताल में मौजूद था। परिवार के लोग प्रेमी से घटना के बारे में पूछताछ कर रहे थे तभी पुलिस भी पहुंच गई और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया, जबकि उसके साथ मौजूद एक अन्य युवक भागने में कामयाब रहा। इसके बाद छात्रा का परिवार उसे मेडिकल कॉलेज ले गया, जहां छात्रा का इलाज चल रहा है। गोली से छात्रा के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दूसरे की तलाश जारी है। तहरीर के आधार पर प्रेमी व उसके सहयोगी पर केस दर्जकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल, चार पर केस

संवाददाता

संत कबीर नगर। मेंहदावल क्षेत्र के सिकड़ा गांव में महिला को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सिकड़ा गांव निवासी रीता देवी ने तहरीर में बताया कि गांव के सोहवती देवी, दीपक यादव, बैजनाथ उर्फ घमालू और इंद्रावती देवी रास्ते में सड़क पर गाली देने लगे। मना करने पर मारना–पीटना शुरू कर दिया। साथ ही जानमाल की भी धमकी दी। इसमें सिर व चेहरे पर चोटें आईं। पुलिस ने चारों के खिलाफ तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक से मारपीट, पैसा छीनने का प्रयास

संवाददाता

संत कबीर नगर। क्षेत्र के अशरफ पुर चौराहे पर शुक्रवार को करीब छह से सात अज्ञात युवकों ने ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर संचालक को मारपीट कर पैसा छीनने का प्रयास किया। इस बीच ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के शोर मचाने पर अज्ञात युवक फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ युवकों की शिनाख्त कर ली है। पीड़ित संचालक ने तहरीर धनघटा पुलिस को सौंप दी है। जानकारी के अनुसार अशर फपुर चौराहे पर ग्राहक सेवा केंद्र संचलित है। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक शुभम तिवारी का कहना है काउंटर पर बैठकर खाता धारकों से पैसे का लेनदेन कर रहे थे। इसी बीच लगभग छह से सात की संख्या में अज्ञात युवक ग्राहक सेवा केंद्र के भीतर घुस गए। युवकों ने केंद्र में बैठे संचालक से पैसा छीनने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर अज्ञात युवकों ने संचालक को मारना–पीटना शुरू कर दिया। संचालक के शोर मचाने पर आसपास के लोग जब तक पहुंचते अज्ञात युवक फरार होने में कामयाब हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अशरफपुर प्रमोद नायक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना की छान बीन शुरू कर दी। केंद्र पर लगे सीसी टीवी फुटेज के आधार पर कुछ युवकों की शिनाख्त कर ली गयी है। पीड़ित संचालक ने अज्ञात युवकों के खिलाफ



तहरीर पुलिस को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। कुछ युवकों की पहचान की गई है।जांच पड़ताल के बाद आव श्यक कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर मारपीट के मामले में चार पर केस

संवाददाता

संत कबीर नगर। क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी का मामला सामने आया। बेलहर पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम विपक्षी अबरार हुसैन, सज्जाद हुसैन, नसीम व अफजल घर में घुस आए। विपक्षी मारपीट व गाली देने लगे।

विरोध करने पर पत्नी को भी मारने–पीटने लगे और उससे छेड़खानी किया। घर के बाहर खड़ी बाइक को तोड़ दिए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## अपहृता मिली, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

संत कबीर नगर। पुलिस टीम ने युवती को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा अनिल कुमार के अगुवाई में पुलिस टीम ने युवती को बहला–फुसलाकर भगाने व एससी–एसटी समेत अन्य मामले में वांछित आरोपी अरमान पुत्र मोहम्मद जमील निवासी बकोली खुर्द को गिरफ्तार किया। युवती के पिता के मुताबिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसके संबंध में थाने पर केस दर्ज हुआ था। थाना धनघटा पुलिस ने अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल भेज दिया।

## राइफल सटाकर जान से मारने की धमकी, आरोपी का लाइसेंस निरस्त

संवाददाता

संत कबीर नगर। जिला मजिस्ट्रेट



महेंद्र सिंह तंवर की कोर्ट ने अधिवक्ता को लाइसेंसी राइफल सटाकर जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपी का लाइसेंस निरस्त करने का आदेश सुनाया है। अधिवक्ता परमात्मा प्रसाद व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि 30 जून 2020 को शस्त्रधारक छेदी यादव पुत्र लौटु यादव ग्राम पचपोखरी व अन्य आरोपियों के साथ मिलकर अधिवक्ता परमात्मा प्रसाद निवासी बेला थाना दुधारा को मारा–पीटा और सीने पर लाइसेंसी राइफल सटाकर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में शस्त्रधारक छेदी यादव पुत्र लौटू यादव निवासी पचपोखरी थाना दुधारा के विरुद्ध थाना पर मारपीट, जान से मारने की धमकी, एससी एसटी के तहत केस दर्ज हुआ। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह के पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य, एसपी की रिपोर्ट, प्रभारी थानाध्यक्ष की रिपोर्ट व पक्षों से उपलब्ध कराए गए अभिलेखीय साक्ष्य का अवलोकन कर माना कि आरोपी शस्त्र धारक अन्य आरोपियों के साथ मिलकर अधिवक्ता परमात्मा प्रसाद मारा–पीटा। साथ ही लाइसेंसी शस्त्र सटाकर जान से मारने की धमकी दी। जिला मजिस्ट्रेट ने लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए लाइसेंस निरस्त किए जाने का आदेश दिया है।

**मिशन संदेश**
हिन्दी साप्ताहिक

स्वामी, मुद्रक,प्रकाशक मो.सईद पठान द्वारा अनिल प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नं.26, औद्योगिक अस्थान, मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद, संत कबीर नगर 272175 उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर,मोहल्ला ईदगाह मोती नगर खलीलाबाद, संत कबीर नगर से प्रकाशित किया गया

सम्पादक
मो0 सईद पठान
मो.– 9454001238
Email:-
missionsandesh.skn@gmail.com

नोट–सभी विवादों का न्याय क्षेत्र संत कबीर नगर मान्य होगा